# कैबिनेट मंत्री का सरेआम युवक को पीटना दुर्भाग्यपूर्ण

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आम आदमी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल सती ने ऋषिकेश में कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल द्वारा बीच सड़क पर सरेआम युवक को पीटने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसकी निंदा की।



विधानसभा अध्यक्ष अनिल सती ने कहा कि भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री ने अपने समर्थकों और गनर के साथ एक युवक को सरेआम गाली गलौज करते हुए बुरी तरह पीटा गया, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। यह पहला मामला नहीं है इससे पूर्व भी कैबिनेट मंत्री ने ऐसी ही घटना को अंजाम दिया गया है।
परिजनों का आरोप है कि अब तक रविंद्र सिंह नेगी का कोई अता-पता नहीं है। स्थानीय पुलिस उन्हें कोई भी जानकारी नहीं दे रही है। उसकी गुमशुदगी की सूचना भी परिजनों और स्थानीय लोगों ने चौकी में दर्ज करायी है। भाजपा के मंत्री विधायक सत्ता की हनक में इस तरह चूर हैं। विकास कार्यों और समस्याओं को लेकर कोई जनप्रतिनिधि अथवा जनता उनसे सवाल जवाब करती है तो वह मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। देवभूमि उत्तराखंड में कैबिनेट मंत्री की इस तरह की घटना को किसी भी सूरत में बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच और दोषी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की।

## कैबिनेट मंत्री से विवाद : आरोपित युवक ने भी मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी के विरुद्ध दर्ज करायी रिपोर्ट

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री और स्थानीय युवक के बीच सड़क पर हुए विवाद के में मंत्री के सुरक्षाकर्मी के बाद पीटने वाले युवक ने भी कैबिनेट मंत्री के पीआरओ कौशल बिजलवान के खिलाफ उपद्रव करने, मारपीट कर चोट पहुंचाने और सार्वजनिक स्थान पर शांति भंग करने के मामले को लेकर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।
इस मामले में गली नंबर 28 शिवाजी नगर पशुलोक ऋषिकेश निवासी सुरेंद्र सिंह नेगी पुत्र पूरन सिंह नेगी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को करीब 2:00 बजे वह अपने साथी धर्मवीर प्रजापति के साथ बाजार से एम्स पुलिस चौकी के लिए जा रहे थे। हरिद्वार मार्ग पर भारद्वाज अस्पताल के समीप सड़क पर जाम लगा था। इस बीच वह अपने साथी के साथ सामान्य बातचीत करने लगे। उनके बगल में एक कार खड़ी थी, जिसमें कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल सवार थे। आरोप है कि कैबिनेट मंत्री ने वाहन का शीशा नीचे करके उससे गुस्से में आकर अपशब्द कहे। आरोप है कि कैबिनेट मंत्री ने वाहन से नीचे उतर कर उसके घुटने पर चोट मारकर धक्का दिया। उसे घर से गायब करने की धमकी दी। आरोप है कि इस बीच कैबिनेट मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी कौशल बिजलवाण ने कार से उतर कर उसके साथ गाली गलौज करते हुए थप्पड़ मार दिया। कैबिनेट मंत्री के सामने ही उनके जनसंपर्क अधिकारी, गनर और पांच-छह अन्य व्यक्तियों ने उसे सड़क पर घसीट कर दौड़ा दौड़ा कर पीटा, जिससे उसकी कमर में चोट पहुंची है। सुरेंद्र नेगी ने स्वयं और परिवार को जानमाल का खतरा बताया है।
ऋषिकेश कोतवाली प्रभारी निरीक्षक केआर पांडे ने बताया कि सुरेंद्र नेगी की तहरीर पर कैबिनेट मंत्री के

# मौसम विभाग ने की पांच दिनों की भविष्यवा□ी,

**अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और 32 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड मौसम विभाग ने पांच दिन की जनपद वार मौसम की भविष्यवाणी की है। इसमें विभाग की ओर से कहा गया है कि सात मई तक उत्तराखंड में मौसम खराब रहेगा।
मौसम विभाग के निदेशक बिक्रम सिंह ने कहा है कि बुधवार को जहां राज्य के जनपदों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और 32 सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है। चार मई को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपद में कुछ स्थानों और शेष पर्वतीय जनपदों में बारिश का क्रम जारी रहेगा। ऊपरी क्षेत्रों में बर्फबारी चलती रहेगी, जिससे बचने की आवश्यकता है।यही क्रम पांच को भी बना रहेगा। पांच मई को भी रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपद वर्षा और बर्फबारी से प्रभावित रहेंगे। छह मई को भी इन्हीं जनपदों में बारिश और बर्फबारी और 35 सौ मीटर से ऊपर वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होगी। मैदानी जनपदों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के निदेशक ने सात मई की भविष्यवाणी करते हुए कहा है कि उत्तराखंड के इन्हीं जनपदों में कुछ स्थानों पर शेष पर्वतीय जनपदों में कहीं कहीं हल्की बारिश या बर्फबारी और 35 सौ मीटर ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होगी।
पूर्वानुमान के अनुसार यात्रियों से आग्रह किया है कि वह सुरक्षित स्थानों पर अपनी यात्रा स्थगित रखें। इसका करण बर्फबारी के कारण सड़कों का अवरुद्ध होना, क्षेत्र में तापमान शून्य से नीचे हो जाना है। संवेदनशील क्षेत्रों में भूस्खलन और चट्टान गिरने के कारण मार्गों का अवरोध होना प्रमुख है, जिससे क्षति हो सकती है।

## एक साथ दिखे चार गुलदार

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
अपर यमुना वन प्रभाग के मुंगरसंती रेंज की मोल्डा बीट में इन दिनों गुलदार की धमक है। इससे इलाके के लोग दहशत में हैं।
मंगलवार को यहां एक साथ चार गुलदारों की दहाड़ से ग्रामीण दहशत में हैं। क्षेत्र में इन गुलदारों ने ग्रामीणों के एक दर्जन से अधिक पालतू मवेशियों को अपना शिकार बनाया है । ग्रामीण गुलदारों की दहशत से चारा-पत्ती लेने जंगल या अपने खेतों में जाने से भी डरते हैं । इधर ग्राम प्रधान मोल्डा देवप्रसाद बहुगुणा एवं पौंटी प्रधान विनोद जेंतवान आदि ने वन विभाग से मांग की है कि इन गुलदारों के आतंक से छुटकारा दिलाया जाये और मारे गए मवेशियों का ग्रामीणों को उचित मुआवजा दिया जाये।

# कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद के सुरक्षाकर्मी ने हमला करने वाले युवकों के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

**पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है**

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के साथ मंगलवार को दो युवकों के गाली गलौज और मारपीट किए जाने पर मंत्री के सुरक्षाकर्मी ने हमलावरों के खिलाफ संगीन धाराओं में स्थानीय कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।
कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के सुरक्षाकर्मी गौरव राणा ने कोतवाली में दी गई तहरीर में



कहा है कि मंगलवार की दोपहर जब कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद भरत मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग लेकर जब अपने घर की ओर जा रहे थे तो हरिद्वार रोड पर जाम लगा हुआ था। इसी दौरान शिवाजी नगर निवासी सुरेंद्र सिंह नेगी और धरम वीर मोटरसाइकिल से उनकी गाड़ी के निकट आए और उनके शीशे पर हाथ मारते हुए गाली गलौज करने लगे।
इसके बाद मंत्री अग्रवाल गाड़ी से नीचे उतरे और उनसे बातचीत कर ही रहे थे कि इस बीच सुरेंद्र नेगी ने उनके गले पर हाथ मारा और उनके कुर्ते की जेब को फाड़ दिया, जिसमें रखे भगवान के कपड़े नकदी और पैसे गायब हो गए। जब उसने बीच बचाओ करने का प्रयास किया तो दोनों हमलावर युवकों ने उन पर भी हमला बोल दिया और उनकी वर्दी भी फाड़ कर सरकारी रिवाल्वर छीनने का प्रयास किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है।
इस प्रकरण को लेकर कांग्रेस और यूकेडी के कार्यकर्ता सुरेंद्र सिंह नेगी की रिहाई को लेकर देर रात तक कोतवाली में डटे रहें। पुलिस सुरेंद्र सिंह नेगी को देर रात उसके घर लेकर पहुंची, जहां उसके भाई से कागज पर सुरेंद्र सिंह के सुरक्षित होने संबंधी लिखित बयान लेकर पुनः गाड़ी में बैठा कर वापस ले आई।

## संक्षिप्त खबरें

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने नई इनोवा क्रिस्टा के टॉप ग्रेड की कीमतों की घोषणा की

**देहरादून।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज नई इनोवा क्रिस्टा के दो टॉप ग्रेड (जेडएक्स और वीएक्स) की कीमतों की घोषणा की। यह वाहन एक उन्नत फ्रंट फेशिया के साथ आता है जिसे एक मजबूत और मजबूत उपस्थिति के लिए विशिष्ट प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है। इससे भारतीय परिवारों, व्यवसायियों और कॉर्पोरेट्स की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।
मशहूर एमपीवी 2005 में भारत में अपनी शुरूआत के बाद से अपने सेगमेंट में अग्रणी रही है। इसकी अब तक एक मिलियन से अधिक इकाइयां बिक चुकी हैं। इस साल की शुरूआत में बुकिंग शुरू होने के बाद से इस वाहन को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है।
इस अवसर पर अतुल सूद, वाइस प्रेसिडेंट, सेल्स एंड स्ट्रेटेजिक मार्केटिंग, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा कि हमें अपने सभी नए अवतार में बाजार में काफी सराहे गये इनोवा क्रिस्टा डीजल के टॉप दो ग्रेड के मूल्य निर्धारण की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। अपने सख्त और मजबूत फ्रंट फेसिया (प्रावरणी) का साथ और शैली, आराम और प्रदर्शन का एक सही मिश्रण, नई इनोवा क्रिस्टा निश्चित रूप से प्रसिद्ध इनोवा की विरासत को आगे बढ़ाएगी। वाहन उन्नत सुरक्षा सुविधाओं का दावा करता है जो सुनिश्चित करता है यात्रियों की अत्यधिक सुरक्षा और हमें विश्वास है कि हमारे ग्राहक इस वाहन द्वारा पेश किए गए बेहतर ड्राइविंग अनुभव की सराहना करेंगे और आनंद लेंगे। .न्यू इनोवा क्रिस्टा की बुकिंग 50,000 रुपये में कराई जा सकती है। ग्राहक अब डीलर आउटलेट्स के साथ-साथ ऑनलाइन बुकिंग भी कर सकते हैं। न्यू इनोवा क्रिस्टा बुकिंग के लिए चार ग्रेड जी, जीएक्स, वीएक्स और जेडएक्स और पांच रंगों- सुपर व्हाइट, एटिट्यूड ब्लैक माइका, अवांट-गार्डे ब्रॉन्ज मेटैलिक, प्लैटिनम व्हाइट पर्ल और सिल्वर मेटैलिक में उपलब्ध है।

### मर्करी ईवी-टेक लिमिटेड विकास के पथ पर

**देहरादून।** मर्करी ईवी टेक लिमिटेड (बीएसईः 531357) ने हाई स्पीड 2डब्ल्यू (2 मॉडल), हाई स्पीड (एल5) 3डब्ल्यू पैसेंजर और लोडर, लो स्पीड (एल3) 3डब्ल्यू पैसेंजर और लोडर, 3डब्ल्यू पैसेंजर और लोडर (निर्यात के लिए बीएस4) इंजन मॉडल, 4डब्ल्यू लोडर, कृषि उपयोग के लिए ईवी ट्रैक्टर और 12 सीटर बस जैसे उत्पादों की व्यापक रेंज के लिए रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेस स्थापित किया है।
कंपनी ने अपनी सहायक कंपनी (80 प्रतिशत होल्डिंग) पॉवरमेट्ज एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से बैटरी निर्माण शुरू किया है, जहां प्रतिदिन 45-50 बैटरी का उत्पादन किया जाता है और कंपनी आने वाले 30-40 दिनों में प्रति दिन 175 बैटरी हासिल करने का लक्ष्य बना रही है। कंपनी ने प्लॉट नंबर 86, इकोटेक 6, ग्रेटर नोएडा (यूपी) में बैटरी उत्पादन के लिए अपनी उप इकाई भी शुरू की है।इसके अलावा कंपनी ने ट्रैक्शन मोबिलिटी बैटरी पैक का अनुसंधान और विकास शुरू किया है, जहां इसकी योजना बेंगलुरू स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर सिल्वरलाइन टेक पार्क, व्हाइटफील्ड, ईपीआईपी द्वितीय चरण, बेंगलुरु, कर्नाटक - 560066, में 7(सात) अच्छी तरह से अनुभवी बैटरी प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों की टीम के साथ नए उत्पाद विकास को बढ़ावा देने के लिए एआईएस अनुपालन के साथ 96वी से 250एएच तक के लगभग 20 नए मॉडल और 1एमडब्ल्यू तक की बैटरी स्टोरेज सिस्टम की तैनाती करना है। रिसर्च एंड डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के बारे में मर्करी ईवी-टेक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ने कहा कि यह नया अनुसंधान और विकास आधार हमारे भविष्य के विस्तार में एक महत्वपूर्ण निवेश है। हम अपने ग्राहकों की उभरती जरूरतों को पूरा करने वाले अभिनव समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और यह नई सुविधा उस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।
हम इस नई सुविधा से होने वाले अविश्वसनीय कार्य को देखने के लिए उत्साहित हैं। उद्योग में सबसे प्रतिभाशाली दिमाग और उनके डिस्पोजल में सबसे अच्छी तकनीक के साथ, हमें इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह टीम ग्राउंड ब्रेकिंग उत्पादों को वितरित करना जारी रखेगी जो हमारे उद्योग के भविष्य को आकार देगी। मर्करी ईवी टेक लिमिटेड (बीएसईः 531357) एकमात्र सूचीबद्ध कंपनी है जिसकी संपूर्ण ईवी इको सिस्टम में मौजूदगी है। इसमें अत्याधुनिक 20-एकड़ की ईवी तकनीक और विनिर्माण सुविधा है जिसे 500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ बनाया जा रहा है।

# तेलंगाना छात्रों के दल ने आईआईटी रुड़की, नैनीताल टेलीस्कोप और गवर्नर हाउस का किया दौरा




**देहरादून/नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
तेलंगाना से आये 45 छात्रों के दल ने रुड़की आईआईटी, नैनीताल टेलीस्कोप सेंटर, नैनी झील, टिफिन टॉप और गवर्नर हाउस का दौरा किया। यह दल 29 अप्रैल से उत्तराखंड आए हुए हैं और 05 मई तक भ्रमण करेंगे।
भारत सरकार के महत्वाकांक्षी सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रयास ह्लएक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम-2 के तहत उत्तराखंड में एनआईटी वारंगल, उस्मानिया विश्वविद्यालय, आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल, हैदराबाद, विद्या ज्योति इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद विश्वविद्यालय और तेलंगाना के अन्य प्रमुख एचईआई से 45 छात्रों का दल आया हुआ है। 29 अप्रैल को यह दल आईआईटी रुड़की पहुंचा जहां से यह दल नैनीताल गया है। तेलंगाना से आये 45 छात्रों के दल ने नैनीताल और आईआईटी रुड़की जाने के अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड राज्य में स्थित लोकप्रिय हिल स्टेशन नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता का विहंगम दृश्य देखा। शहरी जीवन की हलचल से यह एक ताजा बदलाव था। ठंडी हवा, हरी-भरी हरियाली और सुरम्य वातावरण ने हमें मंत्रमुग्ध कर दिया। हमने नैनी झील, टिफिन टॉप और गवर्नर हाउस जैसे कुछ सबसे प्रसिद्ध स्थानों का दौरा किया। यात्रा का मुख्य आकर्षण नैनीताल टेलीस्कोप सेंटर था। वेधशाला एक पहाड़ी के ऊपर स्थित है और रात के आसमान का शानदार दृश्य प्रस्तुत करती है।
दल के एक छात्र ने कहा कि मुझे टेलीस्कोप के माध्यम से सितारों को देखने का मौका मिला और यह वास्तव में विस्मयकारी अनुभव था। मैंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की का दौरा किया। दोनों यात्राएं एक-दूसरे से बिल्कुल अलग थीं, लेकिन समान रूप से समृद्ध थीं। जहां नैनीताल टेलीस्कोप सेंटर में प्रकृति की सुंदरता और तारों को निहारने के बारे में था वहीं आईआईटी रुड़की विज्ञान और प्रौद्योगिकी में अत्याधुनिक प्रगति की खोज के बारे में था। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे इतने कम समय में दोनों का अनुभव करने का अवसर मिला।

## मकान पर गिरी आकाशीय बिजली, छत हुई क्षतिग्रस्त

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
एक मकान में आकाशीय बिजली गिरने से बिजली के उपकरण आदि फूंक गए। बिजली इतनी तेज थी की उसकी गडगडाहड से लोक सहम गए और मकान के अंदर रखा सामान भी बिखर गया। गनीमत रही की बिजली गिरने से कोई जनहानि नहीं हुई।
प्रदेश में कई दिनों से बारिश का सिलसिला जारी है। प्रदेश के ऊपरी इलाकों में बर्फबारी भी हो रही है। जिस कारण से केदारनाथ यात्रा को भी स्थगित करना पड़ा है। पर्वतीय इलाकों के साथ मैदानी इलाकों में भी मौसम ने तांडव मचाया हुआ है।

# बुद्ध पू□िमा विशेषः बुद्धत्व तक की विकास-यात्रा!!
## - श्री आशुतोष महाराज जी

'**बुद्धत्व** मंज़िल है उस सफर की, जो पूर्ण सत्य को जानने की जिज्ञ-ासा से शुरू होती है। सिद्धार्थ का बुद्ध तक का सफर भी हमें इसी मंज़िल की ओर प्रेरित करता है। यह एक सनातन प्रक्रिया है- साधक से साध्य में लीन होने की! सिद्धार्थ गौतम परिव्राजक बन गए। तन पर चीवर धारण कर निकल पड़े। अपनी राजधानी कपिलवस्तु के ऐश्वर्यों को ठुकरा कर आगे बढ़ गए। पथिक है, तो पथ भी होना चाहिए। साधक के पास साधना का मार्ग भी होना जरूरी है। सिद्धार्थ भी अपने पथ की खोज में निकल पड़े। साधना की अनेक परम्पराओं पर उन्होंने प्रयोग किया। तपस्या की प्रचलित पद्धतियों का परीक्षण किया। उग्र तप किया। आत्मपीड़न के सभी साधन अपनाए। फिर एक दिन...सिद्धार्थ गौतम के भीतर तीव्र मनोमंथन चल पड़ा। विवेक की नवीन तरंगें मन-मस्तिष्क को झंझोड़ गईं- ह्ययह क्या स्थिति बना ली है मैंने अपनी? तप तो छोड़ो, अब तोहिलना-डुलना भी असंभव हो गया है। यह आत्मविजय का मार्ग कैसे हो सकता है, जब इसके द्वारा देह-विजय तक संभव नहीं! मेरे तप का ध्येय तो 'दुःखों से निवृत्ति' का उपाय खोजना था। परन्तु मैं तो स्वयं ही दुःख-क्लेशों का घर बन कर रह गया हूँ। देह-बल क्षीण होता जा रहा है। मेरा मन भूख-प्यास और थकावट के मारे कहीं भी एकाग्र नहीं हो पा रहा, फिर नवीन-ज्ञान का प्रकाश इसमें कैसे उतरेगा?... मैंने देह को तो जैसे-तैसे साध लिया, लेकिन मेरा मन और चित्त! इनका क्या? ये तो जैसे के तैसे हैं, फिर उस महान ज्ञान और अवस्था को कैसे पाऊँ, जो मन और चित्त को शांत करने पर ही प्राप्त होती है? नहीं!...नहीं... यह आत्म-पीड़न का मार्ग है, आत्म-ज्ञान का नहीं! दुःखों का आमंत्रण है।

# एचडीएफसी बैंक ने डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म किया लॉन्च

**देहरादून** । एचडीएफसी बैंक, भारत का प्रमुख प्राइवेट सेक्टर बैंक ने एक नया डिजिटल डिस्ट्रीब्यूशन प्लेटफॉर्म (डीडीपी)-ह्यएचडीएफसी बैंक स्मार्ट साथी लॉन्च किया है। ये एक ऐसा अत्याधुनिक बैंकिंग सॉल्यूशन है जो कि काफी मजबूत और डिजिटल फार्मेट पर बनाया गया है। यह प्लेटफॉर्म अपने सभी उपयोगकताओं को सुरक्षित और उपयोग में आसान अनुभव प्रदान करता है। नया लॉन्च किया गया प्लेटफॉर्म एचडीएफसी बैंक के ग्राहकों की तेजी से बदलती जरूरतों को पूरा करने वाले इनोवेटिव सॉल्यूशंस प्रदान करने की दिशा में एक नई और बड़ी उपलब्धि है। यह प्लेटफॉर्म बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स (बीसी) और बिजनेस फैसिलिटेटर्स (बीएफ) को बैंक से जोडने के लिए एडवांस्ड टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस का उपयोग करेगा। बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स और बिजनेस फैसिलिटेटर्स का यह नेटवर्क बैंकिंग उत्पादों और सर्विसेज को दूर-दराज के क्षेत्रों तक वित्तीय समावेशन (फाइनेंशियल इनक्लूजन) को प्रोत्साहित करेगा। इस प्लेटफॉर्म को डेवलप करने के लिए एचडीएफसी बैंक के सेमि-अर्बन और रूरल (अर्ध-शहर और ग्रामीण) इकोसिस्टम से प्राप्त अनुभव और इनसाइट्स का उपयोग किया गया है। स्मिता भगत, समूह प्रमुख, सरकार और संस्थागत व्यवसाय, वैकल्पिक बैंकिंग चौनल और भागीदारी, समावेशी बैंकिंग समूह और स्टार्ट-अप, एचडीएफसी बैंक ने कहा, ह्लअगले 12 से 18 महीनों में हमारी शाखाओं और एजेंट नेटवर्क के संयोजन के माध्यम से दो लाख गांवों तक पहुंचने की योजना है। इस प्लेटफॉर्म का शुभारंभ इस उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण भारत की समृद्धि, जहां हमारे लगभग 70 प्रतिशत लोग रहते हैं, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण को साकार करने का अभिन्न अंग है । वित्तीय सेवा विभाग के सचिव विवेक जोशी और स्मिता भगत, ग्रुप हेड गवर्नमेंट एंड इंस्टीट्यूशनल बिजनेस, वैकल्पिक बैंकिंग चौनल और भागीदारी, समावेशी बैंकिंग समूह और स्टार्ट-अप, एचडीएफसी द्वारा दिल्ली में एचडीएफसी बैंक स्मार्ट साथी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर वित्तीय सेवा विभाग के संयुक्त सचिव मुकेश बंसल और एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी दिनेश लूथरा और अजय शर्मा भी उपस्थित थे। विवेक जोशी, सचिव, वित्तीय सेवा विभाग ने कहा कि इस तरह के डिजिटल प्लेटफॉर्म कैशलेस अर्थव्यवस्था और सच्चे डिजिटल वित्तीय समावेशन के भारत के दृष्टिकोण को पूरा करने में योगदान देंगे। एचडीएफसी बैंक स्मार्ट साथी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को उपलब्ध कराने में योगदान देगा, विशेष रूप से ग्रामीण ग्राहकों के लिए ऋण, जो हमारे देश के विकास में मदद करेगा।

# केन्द्र से चारधाम स्वास्थ्य सेवाओं को 28 करोड़ स्वीकृत, कर्मियों को मिलेगा अतिरिक्त भत्ता

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
केन्द्र सरकार ने राज्य में संचालित चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये राज्य को 28.13 करोड़ के अतिरिक्त बजट की स्वीकृत दी है। इसके अलावा चारधाम यात्रा पर आने वाले यात्रियों को विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के लिये 100 स्वास्थ्य मित्रों की तैनाती और यात्रा में तैनात चिकित्सकों को प्रोत्साहन भत्ता भी स्वीकृत किया गया है।
स्वास्थ्य मंत्री डा.धन सिंह रावत ने बताया कि पहली बार चारधाम यात्राओं की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ और सुलभ बनाने के लिये केन्द्र सरकार ने अतिरिक्त धनराशि



स्वीकृत की है। इसके लिये उन्होंने प्रधानमंत्री और केन्द्र स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताया।
स्वास्थ्य मंत्री डा.रावत ने बताया कि विगत माह केन्द्र सरकार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के तहत 32.85 करोड़ के अतिरिक्त बजट का प्रस्ताव भेजा था। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्य सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए चारधाम यात्रा के लिये अतिरिक्त बजट मंजूर किया है।
इसके अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं की स्थापना और यात्रा में तैनात चिकित्सकों और अन्य कार्मिकों के लिए प्रोत्साहन भत्ता के साथ ही 100 स्वास्थ्य मित्रों की तैनाती की मंजूरी देते हुए 28.13 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। इसमें से राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर गढ़वाल में कैथ लैब के लिये 8 करोड़ और आधुनिक ऑपरेशन थियेटर के निर्माण के लिये एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है, जबकि कैथ लैब संचालन के लिये जरूरी मानव संसाधन की स्वीकृत देते हुए 1.62 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है।
इसके अलावा चारधाम यात्रा में तैनात चिकित्सकों, नर्सों, पैरामेडिकल स्टॉफ व चतुर्थ श्रेणी कार्मिकों के लिये प्रोत्साहन भत्ते के लिये 16 करोड 47 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। चार धाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों को विशेष स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये केन्द्र सरकार ने 100 स्वास्थ्य मित्रों की तैनाती की भी मंजूरी दी है, इनके वेतन और प्रोत्साहन भत्ता के लिये अलग से एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।
स्वास्थ्य सचिव और एनएचएम मिशन निदेशक डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में स्थलीय स्वास्थ्य इकाइयों का निरीक्षण के दौरान यह महसूस किया गया कि विषम भौगोलिक परिस्थितियों में हमारे स्वास्थ्य कर्मचारी कार्य करते हैं, उनको निश्चित तौर में अतिरिक्त मानदेय दिया जाना चाहिए। इसके लिए भारत सरकार से अतिरिक्त धनराशि के लिए बजट की मांग की गई थी, जिसको भारत सरकार ने स्वीकारा है और चारधाम यात्रा के लिए प्रदेश को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत अतिरिक्त बजट की मंजूरी दे दी है।

# कई वर्षों की अपनी सफलता से रूबरू कराते हुए, द हैबिटैट्स ट्रस्ट अपने वार्षिक टीएचटी ग्रांट्स के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
भारत के प्राकृतिक आवासों और उनकी स्वदेशी प्रजातियों की सुरक्षा और संरक्षण की दिशा में कार्यरत गैर-लाभकारी संगठन, द हैबिटैट्स ट्रस्ट अपने वार्षिक हैबिटैट्स ट्रस्ट ग्रांट्स 2023 के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है। आवेदन की लिंक 05 जून, 2023 तक खुली रहेगी, जिसे पोर्टल ३३स्त्र२://६६६.ॐ३२३१४२३.ङ्क ९ के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। इन अनुदानों की स्थापना उन संगठनों और व्यक्तियों द्वारा संरक्षण के प्रयासों को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए की गई थी, जो भारत के संकटग्रस्त वन्यजीवों और प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा और संरक्षण की दिशा में मौलिक कार्य कर रहे हैं। हैबिटैट्स अपनी इस पहल के माध्यम से भारतवर्ष के तमाम संरक्षणवादियों को जोड़ने का लक्ष्य रखता है। इसके तहत पुणे (फर्ग्यूसन कॉलेज में 12 मई को दोपहर 3:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक), हैदराबाद (बी हब, बंजारा हिल्स में 19 मई को शाम 6 से 8 बजे तक), बैंगलोर, कोलकाता और देहरादून सहित पाँच शहरों में सेमिनार्स का आयोजन किया जाएगा। इस प्रकार, ये सेमिनार्स 12 से 27 मई, 2023 तक आयोजित किए जाएँगे, जिनके तहत अनुदान की पहल और चयन प्रक्रियाओं पर संभावित आवेदकों का मार्गदर्शन किया जाएगा। टीएचटी ग्रांट्स की सफलता के बारे में बात करते हुए, ऋषिकेश चव्हाण, हेड- द हैबिटैट्स ट्रस्ट, ने कहा, "इन अनुदानों के माध्यम से प्रकृति के संरक्षण के प्रयासों को जो गति मिली है, यह हमारे लिए गर्व का विषय है।

## खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की लांच सेरेमनी लखनऊ में पांच मई को

**लखनऊ।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की लांच सेरेमनी 5 मई को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होगी। इस दौरान गेम के लोगो, मैस्कॉट व एंथम को लांच किया जाएगा।

प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के सफल आयोजन के लिए नामित अधिकारियों के साथ यहां बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि पांच मई को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में लांच सेरेमनी का आयोजन और 25 मई से लखनऊ में बीबीडी यूनिवर्सिटी क्रिकेट ग्राउंड में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स का शुभारंभ होगा। गेम्स का समापन तीन जून को वाराणसी के बीएचयू कैंपस में होगा। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा कि आयोजन की समस्त तैयारियों को समय से पूरा करा लिया जाए। जिस प्रकार से जीआईएस एवं जी-20 का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया था, उसी प्रकार इसका भी सफल आयोजन सुनिश्चित कराया जाये। खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। खिलाड़ी गेम्स के बाद जब वापस लौटें तो उनके मन में यूपी की एक अच्छी छवि होनी चाहिए। महिला एथलीट्स की सुरक्षा और सुविधा का खास ख्याल रखा जाए। खिलाड़ियों के रुकने और खाने-पीने की सर्वोत्तम व्यवस्था पहले से ही कर ली जाए। कार्यक्रम स्थल एवं शहर में सफाई व्यवस्था बेहतर होनी चाहिये। आयोजन के लिये नामित अधिकारियों को उनके कार्य एवं दायित्वों के बारे में पहले से सेंसटाइज कर दिया जाये। उल्लेखनीय है कि खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उप्र के चार शहरों में आयोजित किया जा रहा है। इनमें लखनऊ में सबसे ज्यादा 12 खेलों के इवेंट्स आठ स्थलों पर आयोजित होंगे। बीबीडी यूनिवर्सिटी मेन ग्राउंड पर जूडो और मलखंभ की प्रतियोगिताएं होंगी।

## नेपाल ने यूएई को हराकर एशिया कप के लिए किया क्वालीफाई

**काठमांडू।** नेपाल ने एसीसी प्रीमियर कप क्रिकेट का खिताब जीत लिया। आज मंगलवार को नेपाल ने यूएई के खिलाफ जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया है। खिताब जीतकर नेपाल एशिया कप क्रिकेट खेल सकेगा। यूएई ने कल यानी सोमवार को नेपाल को 118 रन का टारगेट दिया था। बारिश के कारण खेल रोके जाने के बाद आज फिर से खेल शुरू किया गया। जवाब में नेपाल ने 30.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर यह लक्ष्य हासिल किया।

नेपाल के लिए गुलशन झा ने अर्धशतक लगाया। हालांकि शुरुआत में नेपाल ने खराब बल्लेबाजी की लेकिन गुलशन झा के लय में आने पर नेपाल जीत हासिल करने में सफल रहा।

इन दिनों नेपाल क्रिकेट में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त कर रहा है। नेपाल ने विश्व कप योग्यता के प्रारंभिक चरण में भी प्रवेश किया है।

## कजाकिस्तान में उप्र की दृष्टिबाधित जूडोका गुलशन ने कांस्य पदक जीता, खुशी की लहर

**अस्ताना,** कजाकिस्तान में आयोजित आईबीएसए जूडो एशियन चैम्पियनशिप में भारतीय दृष्टिबाधित जूडो टीम ने शानदार प्रदर्शन कर रही है। महिला टीम में उत्तर प्रदेश की गुलशन ने कांस्य पदक जीता। इसकी खबर सुनकर खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है और गुलशन को बधाई दी। इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के महासचिव मुनव्वर अंजार कहा कि भारतीय टीम ने शानदान प्रदर्शन किये। वहीं गुलशन ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश के दिव्यांग खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने का काम किया है। यह बता दें पुरुष और महिला टीम चैम्पियनशिप में दो कांस्य पदक जीते एवं व्यक्तिगत प्रतियोगिता में दो रजत पदक व चार कांस्य पदक जीतकर प्रदेश तथा देश को गौरवान्वित किया। उत्तर प्रदेश की गुलशन ने महिला टीम चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग में मध्य प्रदेश के कपिल परमार ने 60 किग्रा. भारवर्ग में रजत पदक जीता, जबकि हरियाणा के सुनील कुमार ने 90 किग्रा. भारवर्ग में कांस्य पदक जीता। वहीं महिला वर्ग में हरियाणा की मुकेश रानी ने 70 किग्रा. में रजत पदक जीता, जबकि मध्य प्रदेश की जानकी बाई ने 48 किग्रा. भारवर्ग में, हरियाणा की कोकिला ने 48 किग्रा. भारवर्ग में एवं महाराष्ट्र की रेनुका नारायण साल्वे ने 70 किग्रा. भारवर्ग में कांस्य पदक जीते। यह प्रतियोगिता फ्रांस पैरालिंपिक 2024 के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता भी है।




## तीन चैंपियनशिप मुकाबलों के लिए नॉर्थम्पटनशायर में शामिल हुए जॉर्डन बकिंघम



**लंदन।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जॉर्डन बकिंघम नॉर्थम्पटनशायर से जुड़ गए हैं। 23 वर्षीय बकिंघम ने हाल के शेफील्ड शील्ड सीज़न में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जहाँ उन्होंने अपने पहले सात प्रथम श्रेणी मैचों में 26.56 की औसत से 25 विकेट लिए हैं।

अप्रैल में न्यूज़ीलैंड के ऑस्ट्रेलिया ए दौरे के लिए उनका चयन हुआ और उन्होंने अपनी पहली उपस्थिति में 58 रन देकर 6 विकेट लिए।

क्लब से जुड़ने पर बकिंघम ने कहा, मैं यूके में अपने पहले कार्यकाल के दौरान नॉर्थम्पटनशायर में इस तरह के गर्वित क्लब का प्रतिनिधित्व करने के अवसर के लिए वास्तव में आभारी हूं। मैं अपने नए साथियों के साथ जुड़ने के लिए पूरी तरह से उत्सुक हूं। बकिंघम ने समरसेट की अपनी यात्रा से पहले इस सप्ताह नॉर्थम्पटनशायर की टीम के साथ प्रशिक्षण लिया और क्लब के अगले तीन इंश्योरेंस काउंटी चैम्पियनशिप मैचों के लिए उपलब्ध हैं।

नॉर्थम्पटनशायर के मुख्य कोच जॉन सैडलर ने कहा, हम जॉर्डन को टीम में पाकर खुश हैं। वह एक रोमांचक युवा संभावना हैं जिसे क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया द्वारा उच्च दर्जा दिया गया है। उसने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए अपनी गुणवत्ता दिखाई और हमें लगता है कि वह हमारे गेंदबाजी आक्रमण का पूरक होगा।

## मुरादाबाद के यथार्थ व्यस्त यूपी अंडर-14 क्रिकेट टीम के लिए चयनित

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद निवासी एक और क्रिकेटर का नाम अब उत्तर प्रदेश क्रिकेट टीम से जुड़ गया है। बरेली-मुरादाबाद खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद सदस्य डॉ जयपाल सिंह व्यस्त के पौत्र लेफ्ट आर्म स्पिनर यथार्थ व्यस्त को अंडर-14 आयु वर्ग में यूपी टीम में बेहतर प्रदर्शन की वजह से स्थान मिला है। यूपी क्रिकेट टीम अंडर-14 टीम में चयनित होने के बाद यथार्थ के परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। यथार्थ व्यस्त के कोच बदरुद्दीन ने बताया कि यथार्थ भविष्य के उम्दा लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं। यथार्थ मुरादाबाद से इस बार इकलौते खिलाड़ी है, जिन्होंने यूपी टीम में जगह बनाई। यथार्थ के चयन पर उनकी माता डॉ कविता व्यस्त ने बताया कि यथार्थ की बचपन से क्रिकेट में रुचि है। उनके कहा कि यथार्थ भी क्रिकेट के माध्यम से मुरादाबाद का नाम विश्व में रोशन करेगा।



## मैनचेस्टर यूनाइटेड अगले सीजन में प्रीमियर लीग खिताब के लिए चुनौती दे सकता है : नेमांजा मैटिक

**रोम।** मैनचेस्टर यूनाइटेड के पूर्व खिलाड़ी नेमांजा मैटिक का मानना है कि मैनचेस्टर यूनाइटेड अगले सीजन में एरिक टेन हाग के नेतृत्व में प्रीमियर लीग खिताब के लिए चुनौती दे सकता है।

सर्बियाई खिलाड़ी ने कहा कि वे फुटबॉल की गुणवत्ता का आनंद लेते हैं जो रेड डेविल्स पिच पर पैदा करता है और अगर वे इसी तरह से फुटबॉल खेलना जारी रखते हैं तो वे प्रीमियर लीग खिताब जीत सकते हैं।

मैटिक ने स्काई स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा, मुझे यूनाइटेड के खेलने का तरीका पसंद है। उनके पास कुछ उतार-चढ़ाव हैं और यह एक नए प्रबंधक के साथ सामान्य है। लेकिन जिस तरह से उन्होंने प्रगति की है उससे मैं खुश हूं और मुझे लगता है कि अगले सत्र में वे निश्चित रूप से खिताब के लिए लड़ेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि इटली में अपने नए क्लब के साथ उन्हें कैसा लग रहा है। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में यहां आनंद लेता हूं। मुझे क्लब पसंद है, मुझे ऐसी परिस्थितियां पसंद हैं जहां हमें प्रदर्शन करना है इसलिए मैं बहुत खुश हूं। हम कुछ अच्छा फुटबॉल खेलते हैं। हम लीग में शीर्ष चार के लिए लड़ रहे हैं और हम लीग में भी हैं। यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में इसलिए मैं सीजन के अंत का इंतजार कर रहा हूं और हम देखेंगे कि क्या होता है। क्लब के प्रबंधक जोस मोरिन्हो की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा, वह एक शानदार प्रबंधक हैं जिसने बहुत सारी ट्रॉफियां जीती हैं। वह हमेशा और अधिक जीतना चाहते हैं। मुझे कहना होगा कि मुझे उनके लिए खेलने पर गर्व है। कभी-कभी यह आसान नहीं होता है, वह कभी खुश नहीं होते हैं और हमेशा अधिक जीतना चाहता है और चाहते हैं कि आप हर दिन सुधार करें, लेकिन मुझे यह पसंद है। मैटिक को प्रीमियर लीग चेल्सी और मैनचेस्टर यूनाइटेड के दो सबसे बड़े क्लबों के लिए खेलने का अवसर मिला है। भले ही मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इस सीजन में प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया हो, लेकिन दूसरी ओर चेल्सी को पूरे सीजन में काफी उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा है। उन्होंने इस सीजन में तीन प्रबंधकीय बदलाव किए हैं। मैटिक ने प्रमुख कारण बताया जो पूरे सीजन में चेल्सी के खिलाफ काम करता था। उन्होंने कहा, चेल्सी ने इतने प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अनुबंधित करने के लिए बहुत अच्छा काम किया है, लेकिन भविष्य में, अगले सत्र में, उन्हें अनुभवी और युवा खिलाड़ियों के बीच कुछ संतुलन बनाने की आवश्यकता होगी।



जब आप छह, सात या आठ शीर्ष युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों से करार करते हैं तो वे सभी खेलने की उम्मीद करते हैं और यह एक समस्या है। मैटिक ने कहा, कुछ को प्रीमियर लीग के अनुकूल होने के लिए समय की आवश्यकता होगी। उन्हें अनुकूलन के लिए छह और महीने या एक सीजन की आवश्यकता होगी, लेकिन उस परिवर्तन के दौरान, अनुभवी खिलाड़ी उनकी मदद कर सकते हैं। मुझे लगता है कि सीज़न के अंत में वे समझ जाएंगे कि क्या समस्या थी और वे बदलने की कोशिश करेंगे। मुझे उम्मीद है कि अगले सीजन में चेल्सी काफी बेहतर होगी, लेकिन यह बहुत मुश्किल होने वाला है।

## यूपीसीए के निदेशक मण्डल में शामिल हुए पूर्व डीजीपी डीएस चौहान

**कानपुर।** पूर्व पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के निदेशक मंडल का सदस्य बनाया गया है। एसोसिएशन के निदेशकों की हुई बैठक में उनके नाम पर सभी की सबकी सहमति बनी थी। यूपीसीए के मीडिया प्रभारी मोहम्मद तालिब ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि राजीव शुक्ला के इस्तीफा देने के बाद से यह पद खाली चल रहा था। इसे सर्वसम्मति के बाद भरा गया है। एसोसिएशन में कुल 12 निदेशक कार्यरत थे, जिसमें निधिपति सिंहानिया अध्यक्ष, अभिषेक सिंघानिया, युद्धवीर सिंह, रियासत अली, ताहिर हसन, अशोक चतुर्वेदी, प्रेम मनोहर गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, श्याम बाबू, जावेद अख्तर, विजय गुप्ता, गजेन्द्र नाथ तिवारी शामिल हैं।उन्होंने बताया कि बीते दिनों यूपीएसीए के अध्यक्ष निधिपति सिंधिया ने ऑनलाइन बैठक में उप्र के पूर्व डीजीपी को निदेशक बनाने का प्रस्ताव रखा गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। जिसके बाद अब उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के निदेशकों की संख्या अब बढ़कर 13 हो गई है।

**अंतरराष्ट्रीय मैच कराने को लेकर हुई चर्चा**

पदाधिकारियों ने उप्र में अधिक से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच कराने पर जोर दिया। कई ने ग्रीनपार्क में भी मैच कराने का प्रस्ताव रखा। इस पर पदाधिकारियों ने अपना-अपना तर्क दिया है। साथ ही उप्र क्रिकेट एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एक साथ इकाना स्टेडियम में बुधवार को चेन्नई व लखनऊ के बीच होने वाला आईपीएल मैच देखेंगे।



## दिसंबर में सफेद गेंद श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करेगा इंग्लैंड

**एंटीगुआ।** इंग्लैंड की क्रिकेट टीम इस साल दिसंबर में सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए वेस्टइंडीज का दौरा करेगी, जहां इंग्लिश टीम पांच टी-20 और तीन एकदिवसीय मैच खेलेगी। दौरा 3 दिसंबर से शुरू होगा और उसी महीने की 21 तारीख को समाप्त होगा। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने पूरे कार्यक्रम का विवरण दिया। दौरे की शुरुआत एंटीगुआ में दो एकदिवसीय मैचों के साथ होगी।

बारबाडोस अंतिम एकदिनी मैच की मेजबानी करेगा, साथ ही शुरुआती टी20 ग्रेनाडा में और बाकी बचे दो टी-20 मैच त्रिनिदाद में खेले जाएंगे। पहला एकदिनी मैच 3, दूसरा 6 और तीसरा 9 दिसंबर को खेला जाएगा, वहीं पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के मैच 12, 14, 16, 19 और 21 दिसंबर को खेले जाएंगे। सीडब्ल्यूआई के मुख्य कार्यकारी जॉनी ग्रेव ने कहा, हम इंग्लैंड मैच कार्यक्रम की पुष्टि करने और मैदानों में फिर से प्रशंसकों का स्वागत करने के लिए खुश हैं। यह दौरा मेजबान देशों के लिए एक बड़ा आर्थिक प्रोत्साहन होगा, साथ ही हमारे प्रशंसकों को अपने कुछ पसंदीदा खिलाड़ियों को हमारे सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वियों में से एक के खिलाफ खेलते हुए देखने का मौका भी प्रदान करेगा। यह दौरा हमारे चल रहे आयोजन स्थल की तैयारी और इस क्षेत्र में होने वाले अब तक के सबसे बड़े आयोजनों में से एक, आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप, जो अगले साल जून में होगा, के आयोजन की योजना बनाने में भी मदद करेगा।



## बीसीसीआई ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के अगले मुख्य कोच की तलाश शुरू की

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच पद के लिए आवेदन मांगे हैं। इस साल की शुरुआत में महिला टी20 विश्व कप से पहले रमेश पोवार को बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्थानांतरित किए जाने के बाद से यह स्थान खाली है।

बीसीसीआई के एक बयान में कहा गया है कि आवेदक से उम्मीद की जाएगी कि उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेला हो, या कम से कम एनसीए स्तर का सी-प्रमाणित कोच हो, या किसी प्रतिष्ठित संगठन से इसी तरह का प्रमाणन हो, साथ ही 50 प्रथम श्रेणी के खेलों का अनुभव हो या एक सत्र के लिए एक अंतरराष्ट्रीय टीम या दो सत्रों के लिए एक टी20 फ्रेंचाइजी को कोचिंग देने का अनुभव हो।बयान में कहा गया है कि एक मजबूत टीम विकसित करने, महिला कोचिंग सेटअप विकसित करने और फिटनेस मानकों और उच्च प्रदर्शन मानकों की निगरानी के अलावा, मुख्य कोच से मीडिया को समय-समय पर बीसीसीआई द्वारा निर्देश दिए जाने के अनुसार संबोधित करने की भी उम्मीद है। डब्ल्यूवी रमन का कार्यकाल खत्म होने के बाद पोवार ने 2021 में टीम की कमान संभाली थी। उनके निर्देशन में भारत ने 2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में एकमात्र टेस्ट ड्रा किया और एकदिवसीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया के 26 मैचों की जीत के रिकॉर्ड को तोड़ा, लेकिन 2022 में 50 ओवर के विश्व कप में लीग चरण से ही बाहर हो गया। लेकिन उन्होंने एकदिवसीय श्रृंखला में इंग्लैंड को उसी के घर में 3-0 से हराने से पहले पिछले साल राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीता था। भारतीय टीम ने पोवार की कोचिंग में जो आखिरी प्रतियोगिता जीती थी, वह पिछले साल अक्टूबर में टी-20 एशिया कप था। हालांकि पिछले साल दिसंबर में पोवार को एनसीए में स्पिन गेंदबाजी कोच बनाया गया था। बल्लेबाजी कोच ह्रषिकेश कानितकर को टी20 विश्व कप के लिए टीम का प्रभारी बनाया गया था, जहां भारत सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था। पद के लिए आवेदन जमा करने की समय सीमा, जिसके कार्यकाल को सार्वजनिक नहीं किया गया है, 10 मई को भारतीय समयानुसार शाम 6 बजे है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम का अगला कार्यक्रम जून में द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए बांग्लादेश का दौरा है।



## आईपीएल: कांटे की टक्कर में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को 5 रन से हराया

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 के 44वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात टाइटंस को 5 रन से हरा दिया है। इस लो स्कोरिंग मैच में गुजरात के सामने 131 रन का लक्ष्य था लेकिन दिल्ली के गेंदबाजों ने मेजबान टीम को 125 रन पर ही रोक दिया। आखिरी ओवर में गुजरात को 12 रनों की जरूरत थी लेकिन ईशांत की सधी लाइनलेंथ की वजह से ओवर में सिर्फ छह रन ही बल्लेबाज बना सकें।

छोटे लक्ष्य 131 रन का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा जहां बिना खाता खोले आउट हो गए, वहीं शुभमन गिल 6 रन बनाकर चलते बने। इसके बाद विजय शंकर (6 रन) और डेविड मिलर (शून्य) भी कोई कमाल नहीं कर सके। हालांकि पांचवे विकेट के लिए कप्तान हार्दिक पांड्या और अभिनव मनोहर के बीच 62 रनों की अहम साझेदारी हुई। इस साझेदारी को खलील अहमद ने अभिनव (26 रन) को आउट कर तोड़ा। इसके बाद हार्दिक को तेवतिया का साथ मिला। इस बीच कप्तान हार्दिक ने अपना अर्धशतक पूरा किया। तेवतिया ने एक बार फिर अपना जलवा दिखाया और एनरिट्ज नोर्किया के ओवर में लगातार तीन छक्के जड़कर मैच को गुजरात की ओर मोड़ दिया। आखिरी ओवर में गुजरात को 12 रनों दरकार थी लेकिन अनुभवी ईशान्त शर्मा ने हार्दिक और तेवतिया को लक्ष्य से दूर रखा और गुजरात निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर सिर्फ 125 रन ही बना सकी। हार्दिक पांड्या 59 रन बनाकर नाबाद रहे। दिल्ली के लिए खलील अहमद और ईशान्त शर्मा ने 2-2 विकेट लिए, जबकि नोर्किया और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला।



इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत एक बार फिर निराशाजनक रही। दिल्ली की आधी टीम यानी पांच बल्लेबाज पारी के पांच ओवर में ही पवेलियन लौट गए।

तब अमान खान और अक्षर पटेल ने टीम के स्कोर को सम्मानजनक आंकड़े तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। हालांकि इस बीच अक्षर 27 रन बनाकर आउट हो गए लेकिन अमान खान दूसरे छोर पर टिके रहे। अक्षर और अमान के बीच 50 रन की साझेदारी हुई।

फिर अमान ने रिपल पटेल के साथ मिलकर 53 रन जोड़े। इस जोड़ी के टूटने के साथ ही दिल्ली की पारी भी सिमट गई। दिल्ली ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 130 रन बनाए। गुजरात के लिए मोहम्मद शमी ने 4 विकेट झटके। जबकि मोहित शर्मा को दो और राशिद खान को एक विकेट मिला।

आईपीएल 2023 के 44वें मैच में टेबल टॉपर्स गुजरात टाइटंस का सामना दिल्ली कैपिटल्स से है। यह मुकाबला में खेला जा रहा है। आठ में से छह मैच हार चुकी दिल्ली के लिए अपनी रही-सही उम्मीद कायम रखने के लिए यह मुकाबला करो या मरो का हो गया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 130 रन बनाए।

## लखनऊ को लगा बड़ा झटका, केएल राहुल IPL 2023 से हुए बाहर

**नई दिल्ली।** लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान लोकेश राहुल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ टीम के पिछले मैच के दौरान जांघ में गंभीर चोट के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बचे हुए सत्र से बाहर हो गये हैं। राहुल के साथ ही टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट के कंधे की स्थिति भी गंभीर है और वह भी इस आईपीएल से बाहर हो गए हैं। समझा जाता है कि बीसीसीआई की खेल विज्ञान और चिकित्सा टीम के लिए सीनियर बल्लेबाज एवं विकेटकीपर राहुल को लंदन में सात से 11 जून तक होने वाले विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिए तैयार करना मुश्किल होगा। राहुल को दाहिनी जांघ में यह चोट मार्कस स्टोइनिस की गेंद पर फाफ डु प्लेसिस के कवर ड्राइव को बाउंड्री के पास रोकने की कोशिश के दौरान लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, '' लोकेश राहुल इस समय लखनऊ में टीम के साथ हैं। वह बुधवार को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच देखने के बाद गुरुवार को मुंबई आयेंगे। उसका स्कैन (जांच) मुंबई में बीसीसीआई द्वारा निर्दिष्ट चिकित्सा सुविधा में किया जाएगा। उसके मामले के साथ-साथ जयदेव के मामले को भी देखा जाएगा।

